





# जश्न-ए-आजादी मनाया

## दिव्यांग बच्चों को मिला सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति का सम्मान

बहरोड़। उपखंड स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में मंथन स्पेशल के दिव्यांग बच्चों ने 'एक मौका चाहिए' गाने पर रंगारंग प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति के जरिये उन्होंने समाज को संदेश दिया कि अगर उन्हें भी इस समाज से शिक्षा, रोजगार, आदि में बराबरी का एक मौका मिल जाये तो वे निश्चय ही समाज की मुख्यधारा से जुड़ कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। इस कार्यक्रम को उपखंड स्तर के सभी अधिकारियों द्वारा सराहा गया और उनकी इस



प्रस्तुति के लिए उन्हें प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। फाउंडेशन की डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि उनके इस स्पेशल स्कूल में मूक बधिर, मानसिक विमंदित, सेरिब्रल पाल्सी, स्वलीनता आदि के करीब 30 बच्चों को फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, स्पीच थेरेपी के साथ साथ शिक्षा एवं व्यवसाय से जोड़े जाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के इस अवसर पर उनकी संस्था को दिव्यांग सशक्तिकरण, महिला सशक्तिकरण एवं अन्य क्षेत्र में कार्य करने हेतु उपखंड अधिकारी सुभाष यादव द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के अमित कुमार यादव, डॉ. सविता गोस्वामी, विशेष शिक्षक कृष्ण कुमार, डॉ. पीयूष गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

चंद खंडेलवाल, गोपाल गुप्ता, अध्यक्ष भवन गुप्ता, प्रचार मंत्री गोपाल खण्डेलवाल, कार्यालय मंत्री नीरज खंडेलवाल, व्यवस्थापक सुमित गुप्ता, सदस्य उमेश गुप्ता, बबली बोहरा, महावीर गुप्ता, गिर्राज मोजीका, रमेश मुनीम, अशोक मिश्रा, मोंटू शर्मा, बंटी शर्मा, चावंडिया प्रजापत मौजूद रहे।

## संवेदनशीलता से काम करें अधिकारी : ममता भूपेश

अलवर। जिले की प्रभारी एवं महिला एवं बाल विकास (स्वतंत्र प्रभार), जन अभाव निराकरण, अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ विभाग राज्य मंत्री ममता भूपेश ने अधिकारियों से कहा कि पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ गुड गवर्नेंस के लिए समन्वय के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करें।

राजस्थान सरकार

सत्यमेव जयते

# स्वतंत्रता दिवस समारोह - 2019

## प्रशस्ति - पत्र

श्री / सुश्री / श्रीमती ........ अमित कुमार यादव (अध्यक्ष - मंथन फाउण्डेशन)

पुत्र / पुत्री / श्रीमती ........

विद्यालय / कार्यालय / निवासी ........ चैरिटेबल ट्रस्ट बहरोड़ ........ को ........ संस्था द्वारा

दिव्यांग एवं महिला सशक्तिकरण एवं अन्य क्षेत्रों में कार्य करने के ........ क्षेत्र

में सराहनीय कार्य करने के उपलक्ष्य में उपखण्ड प्रशासन की ओर से यह प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाता है।

हम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है।

सुभाष यादव
(RAS)
उप जिला कलक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट, बहरोड़

स्थान - बहरोड़ ( अलवर )

दिनांक : 15 अगस्त 2019

# जरूरतमन्दों को सामग्री वितरित

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, बहरोड़**

कस्बे में मंथन फॉउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से शुक्रवार को धनतेरस पर हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी आपके लिए व्यर्थ पर दूसरों के लिए जरूरी कैंपेन का आयोजन हाईवे स्थित मजदूर बस्ती में किया गया। संस्था के घनश्याम यादव ने बताया कि कार्यक्रम में घरों से निकलने वाले



जरूरत योग्य कपड़ों, खिलौनों, बर्तन, जूते, शॉल, स्वेटर इत्यादि सामग्री को एकत्रित कर जरूरतमंद परिवारों में वितरित किया गया। साथ ही दीपों के महोत्सव दीपावली को ध्यान में रखते हुए इन परिवारों को मिट्टी के दीये, पूजन सामग्री, खील खिलौने मखाने का प्रसाद वितरित कर दीपावली की शुभकामनाएं भी दी गई। कार्यक्रम में डॉ. अरविंद गोस्वामी के सौजन्य से गाड़िया लुहारों को 50 पैकेट खाने के भी वितरित किए गए एवं एक जरूरतमंद को ठंड से बचने के लिए रजाई भी दी गई। वसंती यादव ने बताया कि गत चार वर्षों से निरंतर चलाए जा रहे इस कैंपेन का उद्देश्य समाज को यही संदेश देना है कि दिवाली की सच्ची खुशी सिर्फ पटाखे फ ोड़ने से नहीं बल्कि जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान बांट कर ही प्राप्त की जा सकती है।

# दिव्यांग बच्चों ने दिए जागरुकता संदेश

न्यूज सर्विस/नवज्योति, बहरोड


कस्बे में मंथन स्पेशल स्कूल में गुरुवार को बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी संतोष मीणा ने नेहरू की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। डॉ सविता गोस्वामी ने बताया कि इस अवसर पर स्कूल के दिव्यांग बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। बच्चों ने रंग बिरंगी ड्रेसेस एवं पोस्टर्स के माध्यम से आमजन को कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा आदि को दूर करने के साथ साथ स्वच्छता, रक्तदान, जल संरक्षण के संदेश दिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी संतोष मीणा ने मंथन फाउंडेशन की तरफ से दिव्यांग बच्चों के चल रहे कार्यों की सराहना की। मुख्य अतिथि ने कहा कि ये बच्चे शारिरिक या मानसिक रूप से भले ही कमजोर हो। लेकिन हर बच्चे में एक प्रतिभा छुपी हुई है। उसी प्रतिभा को विकसित कर इन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। दिव्यांग बच्चों के साथ समय बिताने का यह मेरा पहला अवसर है। इन बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयास में सभी लोगों को आगे आना चाहिए। इस दौरान पीयूष गोस्वामी, बसंती यादव, सुषमा गोस्वामी, कमल नयन शर्मा, सुनील गोयल, राहुल शर्मा, कृष्ण कुमार, प्रदीप कुमार, ललिता प्रजापत सहित अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

**शातिर बाइक चोर गिरफ्तार:** थाना पुलिस ने कैलाश अस्पताल के समीप से एक बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। डीएसपी अतुल साहू ने बताया कि देवनगर निवासी दयाराम गुर्जर ने पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया था कि 11 नवम्बर को बर्डोद सब्जी मंडी में गाड़ी खड़ी करके सब्जी लेने लग गया था।

# बहरोड़ और नीमराना

भास्कर न्यूज | बहरोड़

उपखण्ड स्तरीय 71वां गणतंत्र दिवस समारोह सीनियर सैकंडरी स्कूल स्टेडियम में आयोजित हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने देश भक्ती रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी। समारोह में उपखण्ड अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने मार्च पास्ट की सलामी लेकर ध्वजा रोहण किया। कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर 38 लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में देशभक्ती सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती पर ब्लुमिंग बर्डस स्कूल को प्रथम व मंथन फाउडेंशन स्कूल को द्वितीय स्थान पर रही। मार्च पास्ट में सीनियर सैकंडरी स्कूल व प्रथम व बालिका सीनियर सैकंड़री स्कूल द्वितीय स्थान पर रही। सामाजिक





अलवर, मंगलवार 3 दिसंबर 2019 एनसीआर संदेश

# विश्व दिव्यांग दिवस पर सीआरबी सेंटर का उद्घाटन

## ग्रामवासियों की सहमति से मंथन दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का शुभारंभ करने की घोषणा



**बहरोड़।** मंथन फॉउन्डेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मंथन की डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि इस दौरान मंथन स्पेशल स्कूल में गोकुलपुर की एक दिव्यांग बालिका विनीता को व्हील चेयर दी गयी।

साथ ही विद्यालय के बच्चों के बीच जिगजैग रेस, बॉलिंग इत्यादि प्रतियोगिताएं करवाई गयी एवं मंथन के होनहार छात्र अमन एवं मीनाक्षी को हैडबॉय और हैडगर्ल नियुक्त किया गया। तत्पश्चात जैनपुरबस ग्राम में राजीव गांधी सेवा केंद्र पर समुदाय आधारित मंथन दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के संबंध में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

यादराम पंच की अध्यक्षता एवं डॉ. सुरेश कुमार ने मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. पीयूष गोस्वामी द्वारा दिव्यांगता एवं सीबीआर सेंटर की जानकारी दी गयी एवं सभी ग्रामवासियों की सहमति से मंथन दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का शुभारंभ करने की घोषणा की गई।

इस दौरान उपस्थित दिव्यांग बच्चों मौसम, संजू व पूनम का स्वागत भी किया गया एवं इस केंद्र के लिए बच्चो को चिन्हित किया गया। इस नई शुरुआत का उद्देश्य ग्रामीण परिवेश में व्याप्त दिव्यांगजों को थैरपी की सुविधा मुहैया करवाना एवं सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं को उन तक पहुंचाना है। दिव्यांगजन के बेहतर जीवन के लिए शुरू किए जा रहे इस प्रयास की सभी उपस्थित अतिथियों द्वारा सराहना की गई। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में बालमुकुंद शर्मा, बंसी पंडित सहित, रामसिंह मोरोड़िया, मिंटू, मदन गौड़, मुकेश,दीपक सैनी, राहुल शर्मा, प्रदीप कुमार, साधुराम वकील, जयराम पहलवान, ललिता प्रजापत सहित ग्रामवासी व बच्चे उपस्थित रहे।

ल जिंदगी के अनुभवों
के बाद उन्होंने अपनी
ए स्ट्रगल' बनाई जो
त एक फिल्म थी। अपने
देने के उद्देश्य से विष्णु
ारात्मक दृष्टिकोण रखने

बनने की थीं।

जबकि अपनी पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री के अंतिम दिनों में उन्हें उनकी लेखन संबंधी प्रतिभा का एहसास हुआ और फिर उसके बाद उन्होंने ब्लॉग, किताबों, फिल्मों और अब गीतों के जरिये अपना एक सफल कैरियर बनाया।



# मंथन स्कूल में दिव्यांग बच्चों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगे

**बहरोड़।** बुधवार को मंथन स्पेशल स्कूल में ग्लेयर एग्रो प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर एवं मंथन दिव्यांग सारथी पवन कुमार यादव के सौजन्य से पांच सी सी टी वी कैमरे लगाए गए। स्कूल डायरेक्टर डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि आजकल होने वाले अपराधों के मद्देनजर सभी स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा एक अहम मुद्दा है और जब बात इन दिव्यांग बच्चों की आती है जो अपनी बात को अच्छे से समझाने में सक्षम नहीं है तो इनका ध्यान रखने के लिए संस्था को इन बच्चों की निगरानी के लिये सीसी टीवी कैमरों की आवश्यकता थी।

जब यह बात दिव्यांग सारथी पवन कुमार यादव को बताई तो उन्होंने इस बात को समझा और स्कूल में उच्च क्षमता के 5 कैमरे लगवाए जिनसे इन बच्चों को अच्छी सुरक्षा उपलब्ध हो पाएगी। वहीं पवन कुमार यादव ने कहा कि हर दिव्यांग एक विशेषता लिए होता है और उस विशेषता पर कार्य कर उसको समाज की मुख्य धारा से जोड़ना किसी व्यक्ति अथवा संस्था विशेष की नहीं वरन पूरे समाज की जिम्मेदारी है।

साथ ही उन्होंने भविष्य में भी उनके सहयोग का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में डॉ. पीयूष गोस्वामी, दीपक सैनी, अरविंद गोस्वामी, अमित यादव, सुषमा गोस्वामी, राहुल शर्मा, रामसिंह, ललिता, सरिता, कृष्ण कुमार, प्रदीप आदि उपस्थित थे।



खबरें फटाफट

## चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई

**सोड़ावास।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक एवं स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की जयंती सोडावास कस्बे के राव वीरेंद्र उच्च माध्यमिक विद्यालय में मनाई गई। निर्देशक वीरेन्द्र यादव व अमित ने चंद्रशेखर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। बालकों ने चंद्रशेखर के जीवन के गौरवशाली क्षणों को नाट्य प्रस्तुति के रूप में बताया। कार्यक्रम का संचालन घुमंतू जाति के प्रदेश अध्यक्ष शेरसिंह बडगूजर ने किया।

## निशुल्क कैंसर जांच मेडिकल शिविर आयोजित

**अलवर।** अंबेडकर चौराहा स्थित आलम चंद भगवंती देवी हॉस्पिटल में बुधवार को निशुल्क कैंसर जांच मेडिकल शिविर लगाया गया। शिविर में गडगांव

# सीआरपीएफ की साइकिल रैली का स्वागत

## स्वच्छता, जल संरक्षण और सामाजिक सद्भावना का संदेश दे रही है रैली

**अलवर।** स्वच्छता, जल संरक्षण और सामाजिक सद्भावना का संदेश लिए सीआरपीएफ की साइकिल रैली 850 किलोमीटर का सफर तय करके बुधवार को गुजरात से बहरोड़ पहुंची। बहरोड़ के सामुदायिक भवन में विभिन्न सामाजिक संगठन मंथन फाउंडेशन, लायंस क्लब रॉयल एवं आम जन द्वारा रैली का भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती और सीआरपीएफ के 81वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में इस भव्य रैली का आयोजन किया जा रहा है।



इसी अवसर पर मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चो द्वारा सीआरपीएफ के जवानों का तिलक एवं अंग वस्त्र द्वारा स्वागत किया गया। साथ ही बच्चों ने व्यावसायिक प्रशिक्षण के दौरान बनाये गए मोमेन्टो से अथितियों को सम्मानित किया। दिव्यांग बच्चों द्वारा साईकल रैली पर सीआरपीएफ के जवानों को यादगार के तौर पर एक बच्चों द्वारा बनाई गई साईकल भी भेंट की गयी। जिसे अथितियों द्वारा बेहद पसंद किया गया। यह साइकिल रैली गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के गांव और शहरों से गुजरते हुए दिल्ली में संपन्न होगी। रैली का नेतृत्व कर रहे सीआरपीएफ 100वीं बटालियन के डिप्टी कमांडेंट मनोज कुमार यादव ने बताया कि रैली स्वच्छता, जल संरक्षण और सामाजिक सद्भावना के प्रति गुजरात से जागरूक करते हुए राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के गांव और शहरों से होते हुए संपन्न होगी। रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को इन तीनों मुद्दों के प्रति जागरूक करना है। इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाकर आने वाली पीढ़ी के लिए स्वच्छ, स्वस्थ और संसाधनों से युक्त देश निर्माण में हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि इस साइकिल रैली के माध्यम से देशभर में स्वच्छता, जल संरक्षण और सामाजिक सद्भावना का संदेश पहुंचाया जा रहा है। साइकिल रैली में पांच महिलाएं भी भाग ले रही हैं, जो कि महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देता है। कार्यक्रम में डॉ. सविता गोस्वामी, वसंती यादव, दीपक सैनी, अमित यादव, सरिता यादव, लायन प्रमोद अग्रवाल एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## अलवर गौरव अवार्ड में श्रेष्ठ लोगों का होगा सम्मान

## भाजपा ओबीसी मोर्चा की बैठक में सदस्यता अभियान पर चर्चा

# एक नजर

## मंथन स्पेशल स्कूल के बच्चे सीखेंगे प्रोफेशनल डांस




**खोज खबर, बहरोड़/अलवर।** कस्बे के मंथन स्पेशल स्कूल में दिव्यांग बच्चे प्रोफेशनल डांस सीख पाएंगे। मंथन फाउंडेशन की डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि सोमवार को डिलाइट डांस एकेडमी के कोरियोग्राफर मनीष सैनी मंथन स्पेशल स्कूल में बच्चों से मुलाकात के लिए आए थे। उनके सामने बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। जिससे प्रभावित होने पर सैनी ने बच्चों के लिए स्कूल में प्रोफेशनल डान्स क्लासेज शुरू करने का प्रस्ताव रखा, क्योंकि डांस के माध्यम से बच्चों को प्रतिभा का प्रदर्शन करने के साथ साथ डांस सर्वांगीण विकास में भी सहायता करेगा। सैनी ने मंथन फाउंडेशन द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित निःशुल्क मंथन स्पेशल स्कूल के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सानिया, मीनाक्षी, दीपक, निर्मला, ज्योति, पूजा आदि बच्चों ने अपनी प्रस्तुति देकर सबका मन मोहा। कार्यक्रम में विशेष शिक्षक सरिता यादव, कृष्ण कुमार, ललिता, दीपक सैनी, डॉ. पीयूष गोस्वामी, सुषमा गोस्वामी उपस्थित रहे।

# दिव्यांग सशक्तिकरण पखवाड़े का किया आगाज

बहरोड़ (दिनेश यादव)।

मंथन स्पेशल स्कूल में दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए दिव्यांग सशक्तिकरण पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। विद्यालय निदेशक डॉ. पीयूष गोस्वामी ने बताया कि दिव्यांग बच्चों के लिए चलाए जा रहे इस नि:शुल्क विद्यालय को एक वर्ष पूर्ण होने जा रहा है। इस उपलक्ष्य में इस पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बच्चों की पूरे वर्ष में सीखे गए कार्यों की रिपोर्ट तैयार की जाएगी। साथ ही इस पखवाड़े में बच्चों को पढ़ाई के साथ - साथ समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए आवश्यक क्रियाकलाप जैसे रिटेल शॉप पर खरीददारी का अभ्यास, सैंडविच, सलाद आदि बनाना, चोटी बनाना, जूते की लेस बांधना, बटन लगाना आदि भी सिखाए जाएंगे व उनका मूल्यांकन किया जाएगा। उक्त उद्देश्यों के अंतर्गत बुधवार को बच्चों ने विशेष शिक्षिका




सरिता यादव के निर्देशन में सलाद व सैंडविच बनाना सीखा। साथ ही बच्चों ने रिटेल शॉप भी लगाई व खरीददारी एवं बिक्री का अभ्यास कर अपने आत्मविश्वास में बढ़ोतरी की। समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के इस प्रयास में डॉ. सविता गोस्वामी, वसंती यादव, कृष्ण कुमार, प्रदीप कुमार, ललीता प्रजापत व राम मुखर्जी विशेष भूमिका निभा रहे हैं।

खम





# दिव्यांगता के कारण,बचाव और प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क

rajasthanpatrika.com

बहरोड़. मंथन फाउंडेशन ने शनिवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्थित आंगनबाड़ी केंद्र 018 पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. पीयूष गोस्वामी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, गर्भवती, शिशु माता एवं गर्भधारण की इच्छा रखने वाली महिलाओं को दिव्यांगता के विषय पर एक कार्यशाला दी गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. निधि यादव व अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य राधेश्याम यादव एवं विशिष्ट अतिथि सुदेश यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। इस कार्यशाला में आई हुई महिलाओं को दिव्यांगता के प्रकार, कारणों, बचाव एवं प्रबंधन पर जानकारी दी गई।

## हादसों को न्योता दे रहे

# 'मेहन

पत्रिका न्यूज़ ने

rajasthanpatrik

बहरोड़ . ग्राम हमीद
शिक्षा अभियान (
नवनिर्मित दो कक्षा
उद्घाटन विधायक ब
के आतिथ्य में हुआ।

विधायक यादव ने
में समसा द्वारा नवनि
कक्षों का उद्घाटन फी
किया और पट्टिका का
किया। ग्रामीणों को सम्
हुए विधायक यादव
मेहनत का कोई शॉर्टक
है, सब बच्चों को
निर्धारित कर उसको पाने
तोड़ मेहनत करनी चाहि
यादव ने कहा सभी बच्


राजस्थान पत्रि
हमारी ताकत, पाठकों का

# बच्चों ने मनाया गणेशोत्सव

न्यूज सर्विस/नवज्योति, बहरोड़



कस्बे की मंथन स्पेशल स्कूल में सोमवार को दिव्यांग बच्चों ने गणेश चतुर्थी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया। मिट्टी की प्रतिमा दिव्यांग बच्चों ने विशेष शिक्षक की सहायता से अपने हाथों से बनाई व विधिविधान से रोली, अक्षत, कलश, पान, मोदक फल आदि के माध्यम से उनकी स्थापना की गई एवं आरती कर सभी को प्रसाद बांटा गया।

का
ाता
के
ला
के
मन
स्य
दार

# दिव्यांग बच्चों को बताया शिक्षा का महत्व

न्यूज सर्विस/नवज्योति, बहरोड़

कस्बे में मंथन स्पेशल स्कूल में गुरु पूर्णिमा महापर्व के उपलक्ष्य में दिव्यांग बच्चों को गुरु की महत्ता से परिचित कराया। कार्यक्रम संयोजक सुषमा गोस्वामी के मार्गदर्शन में बच्चों को गुरुदेव रामलाल सियाग की शक्तिपात दीक्षा दिलाई गई। उन्होंने बताया कि गुरू ही वो व्यक्तित्व है जो हमे अंधकार से प्रकाश की तरफ ले कर जाते हैं। संस्था के सभी सदस्यों द्वारा दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य एवं सर्वांगीण विकास के लिए प्रार्थना की गई। साथ ही इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया गया व समस्त अभिभावकों को भी पौधारोपण के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के ड़ॉ पीयूष गोस्वामी, सुषमा गोस्वामी, वसंती यादव, ड़ॉ सविता गोस्वामी, ललिता प्रजापत आदि उपस्थित रहे।



# दिव्यांग बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

न्यूज सर्विस/नवज्योति, बहरोड



मंथन स्पेशल स्कूल में दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। ट्रस्ट की सुषमा गोस्वामी ने बताया कि शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.दिनेश यादव ने करीब 20 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यकतानुसार परामर्श दिया। बच्चों में ज्यादातर कैल्शियम, आयरन की कमी देखी गई। चिकित्सक द्वारा अभिभावकों को पोषित आहार खिलाने की सलाह दी गई। साथ ही ड़ॉ यादव द्वारा मंथन के उठाये कदम की सराहना की गई। मंथन फॉउंडेशन चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा हर माह बच्चों के लिए इस प्रकार के शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के दौरान अमित कुमार यादव, ड़ॉ पीयूष गोस्वामी, वसंती यादव, ड़ॉ सविता गोस्वामी, ललिता, रामसिंह, सुमन, प्रदीप कुमार उपस्थित रहे।



बहरोड़. दिव्यांग बच्चों को जैकेट देते हुए।

## 23 दिव्यांग बच्चों को जैकेट बांटी

**बहरोड़|** मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट की प्रेरणा से बर्फी देवी पत्नी स्वर्गीय राधेश्याम अग्रवाल ने शरबती देवी दिव्यांग सशक्तिकरण केंद्र के 23 दिव्यांग बच्चों को जैकेट वितरित किए। संस्था की डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि सशक्तिकरण केंद्र के 23 दिव्यांग बच्चों को भामाशाह द्वारा ठंड से बचने के लिए जैकेट, जुराब, कंबल आदि वितरित किए गए। इस दौरान संस्था निदेशक रवि कुमार, राकेश कुमार, अमित कुमार यादव, बसंती यादव, सुनील गोयल आदि लोग उपस्थित रहे।

**शाहजहांपुरः** कस्बे की सेवा संस्था के युवा झुग्गी, झोपड़ी एवं सड़क के किनारे जीवन व्यतीत कर रहे लोगों को कंबल, लोई, स्वेटर प्रदान कर उन्हें राहत दिलवा रहे है। संस्था में योगेन्द्र यादव, समीर यादव, जगमाल यादव, दिनेश यादव, डालचंद, नरेन्द्र यादव आदि है।



## क़दम जिनसे व्यवस्था बदली

# र उठे सवाल

... ने माला एवं साफा बंधवाकर स्वागत किया। इस मौके पर अनेक भाजपाई मौजूद थे।

प्रतिदिन आम उपभोक्ताओं का शोषण किया जा रहा है उसके खिलाफ सभी राजनैतिक दलों एवं उनके नेताओं की चुप्पी संदेहास्पद है। बैठक के

# दिव्यांग बच्चों ने मनाई जन्माष्टमी

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, बहरोड**

कस्बे में स्थित मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों ने जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर बच्चे कृष्ण एवं राधा रानी के वेश में सजे संवरे नजर आए। साथ ही बच्चों ने विशेष शिक्षकों की मदद से भगवान कृष्ण की झांकी भी सजाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तसींग



स्थित गौशाला के मुनीम जी इंद्रजीत जी राघव एवं शहीद धर्मेंद्र यादव की वीरांगना संतोष यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उनके द्वारा फाउंडेशन द्वारा दिव्यांग बच्चों को शिक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाये जाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई। हाल ही में मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों ने स्वतंत्रता दिवस पर उपखंड स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। बच्चों द्वारा प्राप्त इस उपलब्धि के लिए सभी बच्चों को ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में संस्था के डॉ. पीयूष गोस्वामी, अमित यादव, डॉ. सविता गोस्वामी, भावना अग्रवाल, कमल नयन शर्मा, दीपक सैनी, शर्मिला गौड़, वसंती यादव आदि लोग उपस्थित थे।

# ...ंद बालकनाथ आज करेंगे कार्यक्रमों में शिरकत

**...ज्योति, अलवर**

... योगी शनिवार को अलवर लोकसभा ...

**न्यूजसर्वि...**

बयाना के ... चौक पर फतेह... सांसद राजकु... ने माला एवं ... चांदी का मुक... किया। इस दौरा... ने कहा कि उन... दौरान आगरा वे... में बयाना के लोग... सहयोग के लिए... आभारी रहेंगे। ... कैप्टन जयसिंह, ब... सिंह, बृजेश तिव...

# जगदगु... म...

**न्यूज सर्विस/नवज्...**

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी ... पर पुष्टिमार्गीय बल्लभ ... प्रथम पीठ श्री गोकुलच... सप्तम पीठ श्री मदनमोह... में प्रातः पंचामृत अभिषे... के दर्शन होंगे जिनमे ठाकुरज...

# मंथन ने 21 वा कन्यारत्न जन्मोत्सव मनाया

न्यूज सर्विस/नवज्योति, बहरोड

कस्बे के राजकीय रेफरल अस्पताल में मंथन फाउंडेशन चेरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से कन्यारत्न जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। रामनवमी के उपलक्ष्य में झुग्गी बस्तियों की बालिकाओं को कन्याभोज



करवाया गया। ट्रस्ट के अमित कुमार यादव ने बताया कि संस्था के सदस्यों द्वारा अस्पताल में जन्मी थानवास एवं शाहजहांपुर की दो कन्याओं को उपहार देकर व मिठाई बांटकर जन्म की खुशियां मनाई गई। मंथन द्वारा यह 21 वां कन्यारत्न जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन कार्यक्रमों में अभी तक 97 कन्याओं का जन्मोत्सव मनाया जा चुका है। इस अवसर पर डॉ पीयूष गोस्वामी, डॉ सविता गोस्वामी, वसंती यादव, कनुप्रिया गोस्वामी, कमल नयन शर्मा, रामसिंह मोरोड़िया, केशवी गोस्वामी व हॉस्पिटल स्टाफ उपस्थित रहा।

# बेटियां बोझ नहीं बल्कि समाज की अमूल्य धरोहर: डॉ. सविता गोस्वामी

बहरोड़,(सुभाष यादव): कस्बे में मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 'कन्यारत्न जन्मोत्सव मनाओ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत राजकीय रैफरल अस्पताल में जन्मी छह कन्याओं के जन्म की खुशियां मनाकर समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया गया। दीपक सैनी ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से 27वें कन्या जन्मोत्सव पर अस्पताल में जन्मी ग्राम गोलावास, बसई, गंडाला जागुवास, नारनौल व रायसराना की 6 नवजात कन्याओं को उपहार देकर, नजरिया बांधकर व अस्पताल परिसर में मरीजों व उनके परिजनों को मिठाई बांटकर खुशियां मनाई गई। इस दौरान डॉ. सविता गोस्वामी के शब्दों में घर में छाई खुशहाली, दादी और मां भी आज पुलकित हुई है। इन बधाई के शब्दों की गूंज हर घर में बेटी के जन्म पर गूंजे। इसी उद्देश्य से मंथन की आर से विगत ढाई वर्षों से हर माह के प्रथम रविवार को सरकारी अस्पताल में यह कार्यक्रम उत्सव के रूप में आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर ट्रस्ट के डॉ. पीयूष गोस्वामी, अमित कुमार यादव, डॉ. सविता गोस्वामी, वसंती यादव सहित अस्पताल स्टाफ, कन्याओं के परिवारजन व आमजन उपस्थित रहे।



कन्या जन्मोत्सव पर नवजात कन्या व परिजनों को उपहार देते ट्रस्ट पदाधिकारी।

# ी प्रतियोगिता में रुड़की की ए टीम बनी विजेता



विजेता टीम को पुरस्कृत करते अतिथि।

**ल-समाचार**

ोड़िया में गोगा बाबा में दूसरे दिन सोमवार कबड्डी प्रतियोगिता में ी टीम विजेता रही। ख्य लालाराम यादव तियोगिता में 24 टीमों फाइनल मुकाबले ी ए टीम ने रोहतक को हरा कर विजेता बनी। मुख्य अतिथि पूर्व पुलिस अधिकारी दलीप सिंह ने विजेता टीम को 51 हजार द्वितीय टीम को 31 हजार तथा तीसरे स्थान पर आने वाली टीम रूड़की आर्मी बी टीम को 15 हजार रुपए नगद इनाम देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान किशोरी लाल, दलीप, कृष्ण पंच, हरिसिंह, सतपाल यादव, वीरेंद्र सिंह, अमीलाल, मुन्ना शर्मा, पीटीआई जलेसिंह, लालाराम सहित युवा मंडल एवं ग्रामीणों का सहयोग रहा।

# बेटी को कई उपहार और परिजनों को बधाई देकर मनाया कन्यारत्न जन्मोत्सव कार्यक्रम

**बहरोड़|** मंथन फॉउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मंगलवार को कन्यारत्न जन्मोत्सव कार्यक्रम रैफरल अस्पताल में आयोजित किया गया। जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कैंपेन की दूसरी वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा अस्पताल में जन्मी कन्याओं एवं उनके परिजनों को बधाई देकर नवजात बच्चियों को खिलौने, कपड़े आदि उपहार स्वरूप भेंट किए। संयोजक शर्मिला गौड़ ने बताया कि अब तक संस्था द्वारा 109 कन्याओं का जन्मोत्सव मनाया जा चुका है। जिसमें प्रत्येक महीने के आखिरी रविवार को सरकारी अस्पताल में जन्मी कन्याओं का जन्मोत्सव मनाया जाता हैं। इस दौरान प्रसूता के परिजनों को बेटा-बेटी में भेदभाव नहीं करने के लिए प्रेरित किया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास अधिकारी संगीता यादव मौजूद रही। इसके बाद संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों के साथ केक काटकर जन्मोत्सव की खुशियां बांटी गई। कार्यक्रम में प्रकाश गौड़, डॉ. पीयूष गोस्वामी, अमित कुमार यादव, डॉ. सविता गोस्वामी, वसंती यादव, कमल नयन शर्मा, सुषमा गोस्वामी, ललिता प्रजापत, विनीता, मंजू, सरिता यादव, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।



बहरोड़. कन्यारत्न जन्मोत्सव कार्यक्रम में उपहार देते ट्रस्ट कार्यकर्ता।

## कीट से फसल को नष्ट होने की आशंका, किसान चिंतित

**बहरोड़|** क्षेत्र के किसानों की बाजरे की फसल को लेकर चिंता बढ़ गई है। क्योंकि इन दिनों टिड्डी कीट फसल को नुकसान पहुंचा रहे है। किसान राजेन्द्र प्रसाद यादव, बनवारी लाल, सरदार सिंह, धर्मपाल सिंह, लोकेश शर्मा ने बताया कि खोहर, बसई, खापरिया, जखराना, शेरपुर में टिड्डी कीट का प्रकोप अधिक है। जो कि टिड्डी बाजरे की फसल के पत्ते को खराब करने के साथ बाजरे के सिट्टे को नष्ट कर देती है। जिसकी कृषि विभाग व क्रय-विक्रय सहकारी समिति के अधिकारियों को भी जानकारी दी गई है।

## पुलिस ने दो चोर पकड़े, बाइक भी बरामद

**बहरोड़|** पुलिस ने रैफरल अस्पताल परिसर से बाइक चोरी करने के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से चोरी की बाइक बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि 21 जून 2019 को श्यामपुर निवासी विशंभर पुत्र

# मांढ़ पूजा



मांढ़ण. छ

**मांढ़ण|** पीजी का स्थित क छात्रसंघ हुए। गत कालेजों अध्यक्ष की सर्वस कराने की

# गोप को

# मंथन फाउंडेशन ने मनाया कन्या जन्मोत्सव

न्यूज सर्विस/नवज्योति, बहरोड़

मंथन फाउंडेशन चेरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से रविवार को राजकीय अस्पताल में 22वां कन्यारत्न जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। फाउंडेशन के अमित यादव ने बताया कि लड़के और लड़की के भेद को खत्म करने, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को जड़ से




खत्म करने व आमजन को जागरूक करने के लिए ट्रस्ट द्वारा हर महीने कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें अभी तक 98 कन्याओं का जन्मोत्सव संस्था द्वारा मनाया जा चुका है। इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा भगवान परशुराम सेवा समिति के सहयोग से रेफरल हॉस्पिटल स्थित पार्क में पक्षियों के लिए परिंडे भी बांधे गए और हॉस्पिटल में जन्म लेने वाले सभी परिजनों को भी परिंडे देकर उनमें नियमित पानी डालने का संकल्प दिलवाया। कार्यक्रम में संस्था की वसंती यादव, डॉ सविता गोस्वामी, डॉ पीयूष गोस्वामी, मीनू यादव, कमल नयन शर्मा, कनु गोस्वामी, विनय यादव, रामसिंह मरोडिया उपस्थित थे।



राजकीय रेफरल अस्पताल में कन्या जन्म पर उपहार भेंट करते हुए।

# कन्या रत्न जन्मोत्सव मनाया

भास्कर न्यूज | बहरोड़

राजकीय रेफरल अस्पताल में रविवार को मंथन फाउंडेशन के द्वारा कन्या रत्न जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां हाल की में जन्मी 4 बेटियों को उपहार एवं मिठाई बांटकर खुशी जताई।

अस्पताल प्रभारी डॉ0 सुरेश यादव ने कहा कि संस्था का बेटियो के जन्म पर यह प्रयास बहुत अच्छा और सराहनीय है। कार्यक्रम संयोजक शर्मिला गौड़ ने बताया कि संस्था द्वारा यह 30 वां कन्या रत्न जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें तलवाना, हरसौरा, भीटेड़ा एवं श्यौपुर गांव की 4 बेटियों को उपहार देकर व मिठाइयां बांटकर उनके जन्म की खुशियां मनाई गई। उन्होंने बताया कि अभी तक संस्था द्वारा 131 कन्याओं का जन्मोत्सव मनाया जा चुका है साथ कि कन्या भ्रूण हत्या को लेकर लोगो को जागरूक किया जाता है। कार्यक्रम में अमित कुमार यादव, डॉ सविता गोस्वामी, बसंती यादव, कमल नयन शर्मा, मंजू सहित अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा।

## व पाठ्य सामग्री बांटी

होते हैं और कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं होना चाहिए। सभी राजकीय विद्यालयों के स्टाफ ने संस्था का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भामाशाह बलराम चनेजा आल्लार , सोरन्दर जांगिड़, कमल

## शिक्षक संघ राष्ट्रीय



# कन्याभ्रूण हत्या रोकने का दिया संदेश



बहरोड़ (दिनेश यादव)।

कस्बे के राजकीय रैफरल अस्पताल में रविवार को मंथन फॉउन्डेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कन्यारत्न जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम संयोजक वसंती यादव ने बताया कि यह ट्रस्ट द्वारा 29वाँ कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें खोर, दहमी एवं कुरेली ग्राम की 3 नवजात कन्याओं के जन्म की खुशियाँ मनाई गई। इस दौरान बेटियों को विभिन्न उपहार दिए गए व मिठाई बाँटकर सभी को बधाई दी गई। कन्याभ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध को रोकने व सिर्फ बेटे ही वंश चला सकते हैं यह सोचकर उन्ही के जन्म की खुशिया मनाना व बेटियों को बोझ समझना इस प्रकार की भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से मंथन द्वारा सतत् प्रयास है। इस माह यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिनमें अब तक 127 कन्याओं के जन्म की खुशियाँ मनाई जा चुकी हैं व लगातार समाज को सकारात्मक संदेश दिया जा रहा है।

इस अभियान को सफल बनाने में अपनी उपस्थिति एवं अन्य सहायता द्वारा डॉ0 पीयूष गोस्वामी, अमित कुमार यादव, डॉ0 सविता गोस्वामी, सुनील गोयल, शर्मिला गौड़, कमल नयन शर्मा सहित अन्य मंथन सदस्यों व अस्पताल स्टाफ द्वारा अहम भूमिका निभाई जा रही है।



नवजात कन्या के परिजनों को उपहार देकर कन्या जन्म की खुशी मनाते ट्रस्ट के पदाधिकारी। (छाया: पंजाब केसरी)

# कन्यारत्न जन्मोत्सव कार्यक्रम में दिया बालिका संरक्षण का संदेश

बहरोड़, (सुभाष यादव): मंथन फाउन्डेशन चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से राजकीय रेफरल अस्पताल में कन्यारत्न जन्मोत्सव नवजात कन्याओं के परिजनों के साथ मनाकर बालिका संरक्षण का संदेश दिया गया। शर्मिला गौड़ ने बताया कि मंथन संस्था की ओर से 28वां कन्यारत्न जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत अस्पताल में जन्मी 4 कन्याओं को वस्त्र, उपहार इत्यादि देकर व मिठाई बांटकर उनके जन्म की खुशियां मनाई गई। अब तक 124 कन्याओं का जन्मोत्सव मनाकर समाज में बेटी एवं बेटे को समान अधिकार देने का सकारात्मक संदेश दिया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ. सविता गोस्वामी, अमित कुमार यादव, डॉ. निधि यादव, डॉ.अल्का अग्रवाल, डॉ. पीयूष गोस्वामी, केशवी गोस्वामी, नर्सिंग स्टाफ एवं परिजन मौजूद रहे।

# मंथन फॉउन्डेशन चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया कन्यादान में सहयोग

बहरोड़ (मयंक जोशी)।



मंथन फॉउन्डेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मंगलवार को खोहरी निवासी दो निर्धन बालिकाओं के विवाह में सहयोग किया गया। कार्यक्रम संयोजक बसंती यादव ने बताया कि ग्राम खोहरी निवासी जरूरतमंद बेटियों पूजा व दीक्षा के विवाह हेतु मंथन फॉउन्डेशन द्वारा दानदाताओं की आर्थिक मदद से ?12500 का सहयोग किया गया। जिसमें कूलर, पंखा, सिलाई मशीन व 4000 कैश सहित साड़ियां व अन्य जरूरत की सामग्री दी गई। इस महादान में सहयोग के लिए व इस नेक उद्देश्य की पूर्ति के लिए दानदाताओं के रूप में मुकेश अग्रवाल, सतीश यादव, महेश जैन, डॉ0 सविता गोस्वामी, डॉ0 पीयूष गोस्वामी, घनश्याम यादव, सरला शर्मा, अमिता यादव, भावना अग्रवाल व अमित कुमार यादव आगे आये व कन्याओं को आशीर्वाद प्रदान कर इस कन्यादान महादान मुहिम को सार्थक बनाया।

# खेल दिवस पर मंथन स्कूल में प्रतियोगिता आयोजित




**बहरोड ( अलवर )।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर गुरुवार को मंथन स्पेशल स्कूल में खेल कूद प्रतियोगिताओं को आयोजन किया गया।इस अवसर पर डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस,हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर बनाया जाता है।खेलों से बच्चों का न केवल शारीरिक विकास होता है,बल्कि खेल बच्चों को मानसिक एवं भावनात्मक रूप से मजबूत बनाते हैं। मंथन का प्रयास दिव्यांग बच्चो को वो हर गतिविधि करवाना है,जो सामान्य बच्चे कर सकते है।वसंती यादव ने बताया कि खेल दिवस पर मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों के बीच क्रिकेट,बास्केटबॉल,विंटेज बॉलिंग प्रतियोगिताएं कराई गयी। जिसमें सभी दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया।प्रतिभागियों में से अमन व खुशबू ने क्रिकेट में,मीनाक्षी व अमन ने बास्केटबॉल में एवं दीक्षित व विराट ने विंटेज बॉलिंग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किये। जिन्हें फाउंडेशन की ओर से प्रमाण पत्र एवं उपहार दिये गए।

प्रदर्शनी : हम किसी से कम नहीं

# दिव्यांग बच्चों ने दिखाया हुनर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com



आर्ट एंड क्राफ्ट सामग्री की प्रदर्शनी में अपने बनाए सामान को प्रदर्शित करते दिव्यांग बच्चे।

**बहरोड़.** कस्बे में मंथन फाउंडेशन द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित निःशुल्क विद्यालय मंथन स्पेशल स्कूल में शुक्रवार को एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इस प्रदर्शनी में स्कूल के दिव्यांग बच्चों द्वारा बनाई गई आर्ट एंड क्राफ्ट सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गयी। इस अवसर पर विशेष शिक्षिका सरिता यादव ने बताया कि बच्चों को घरों में उपलब्ध वस्तुएं जैसे बोतल, डिस्पोजल गिलास, डिब्बे आदि से अलमारी, गुलदस्ते एवं सजावट के सामान बनाना सिखाया गया।

बच्चों द्वारा बनाया गया ये सामान घरों के सजावट के लिए मंथन आर्ट एंड गिफ्ट गैलरी पर उपलब्ध रहेगा। इससे न केवल इन बच्चों का उत्साहवर्धन होगा बल्कि आने वाले समय में रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

कार्यक्रम में आए अतिथियों ने फाउंडेशन द्वारा उठाये गए इस कदम एवं बच्चों द्वारा बनाये गए सामान की सराहना की एवं बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में डॉ. सविता गोस्वामी,डॉ. पीयूष गोस्वामी, दीपक सैनी, वसंती यादव, सांत्वना जेना, भावना अग्रवाल, कमल नयन शर्मा, सुषमा गोस्वामी, घनश्याम यादव, ललिता, विशेष शिक्षक कृष्ण कुमार, प्रदीप यादव, सरला शर्मा, रजनी जैन आदि उपस्थित थे।

# दिव्यांग बच्चों ने किया मतदान के प्रति जागरूक

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
rajasthanpatrika.com



**बहरोड़.** मतदाता जागरुकता के तहत बनाई गई रंगोली।

**बहरोड़.** मतदाता जागरुकता अभियान के तहत मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों ने गुरुवार को लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विकास अधिकारी अनु फोगाट एवं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्याम सुंदर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर नन्हें मुन्ने बच्चों ने मतदान जागरुकता पर रंगोली बनाई और लोगों से संकल्प पत्र भरवाए। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं के साथ-साथ दिव्यांग मतदाताओं को भी लोकसभा चुनाव में वोट डालने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में डॉ. पीयूष गोस्वामी, अमित कुमार यादव, डॉ. सविता गोस्वामी, वसंती यादव, दीपक सैनी, भावना अग्रवाल, वरुण कुमार यादव, कृष्ण कुमार, प्रदीप कुमार, रामसिंह मोरोड़िया, ललिता,संदर्भ शिक्षक वेद प्रकाश, दिनेश चंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर

# मतदान करने के लिए रंगोली से दिया संदेश




बहरोड़. मतदान जागरूकता के लिए रंगोली बनाते फाउंडेशन सदस्य।

बहरोड़| लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को मंथन फाउंडेशन की ओर से रंगोली बनाकर जागरूकता का संदेश देकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। संस्था की डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि दैनिक भास्कर व मंथन फाउंडेशन की ओर से 6 मई को मतदाताओं को अधिक संख्या में मतदान करने के लिए रंगोली बनाकर जागरूकता का संदेश दिया गया तथा लोगों से मतदान करने के लिए मतदाता संकल्प पत्र भरवाकर शपथ दिलाई गई। इस दौरान बसंती यादव, भावना अग्रवाल, ललिता प्रजापत, सरिता यादव, अमित कुमार यादव, पीयूष गोस्वामी, रामसिंह मोरोडिया आदि लोग मौजूद रहे।

4:12 AM ... 4G VoLTE

# मतदान जागरुकता का हस्ताक्षर अभियान चलाया



न्यूज सर्विस/नवज्योति, बहरोड़

कस्बे के मंथन स्पेशल स्कूल में गुरुवार को स्वीप एक्टिविटीज के अंतर्गत मतदाता जागरुकता के लिए एक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट की वसंती यादव ने बताया कि इस अभियान में दिव्यांग बच्चों ारा मतदाताओं को 6 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों ने फाउंडेशन के सदस्यों के साथ मिलकर रंगोली, पोस्टर्स बनाकर मतदान जागरुकता के लिए हस्ताक्षर कैंपेन के माध्यम से लोगों को मतदान के लिये जागरूक किया तथा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के डॉ. पीयूष गोस्वामी, अमित कुमार यादव, डॉ. सविता गोस्वामी, वसंती यादव, भावना अग्रवाल, दीपक सैनी, पं. अशोक बोहरा, कमल नयन शर्मा, ललिता प्रजापत, कनु गोस्वामी, रामसिंह मोरोड़िया, विशेष शिक्षक सरिता यादव, प्रदीप यादव उपस्थित रहे।

# ॉलेज में मेधावी प्रशिक्षणार्थियों का सम्मान




त के बल पर
में उच्च स्थान प्राप्त
का नाम रोशन करें।
आपको दृढ़ निश्चय
तभी सफलता प्राप्त हो
जैन शिक्षक प्रशिक्षण

महाविद्यालय में छात्राध्यापिका एवं छात्राध्यापकों द्वारा महावीर जयंती के अवसर पर किए गए विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए सम्मानित किया गया। महावीर जयन्ती के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमें नाटक, झांकी, स्वागत गान एवं झंडा गान प्रमुख थे। जिसके लिये छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाओं को संस्थान अध्यक्ष पवन जैन चौधरी द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. अनीता सोनी ने पधारे हुए अतिथियों को आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में प्रबन्ध कार्यकारिणी सदस्य भारत जैन सहित महाविद्यालय की प्रवक्ता गण एवं बड़ी संख्या में छात्राध्यापक उपस्थित रहे।

गों
री
ास
मेटी
ार.
ाका
ाओं
ौर
दर्श
लिए
ानी
। में

। ने
ाव
। ने
। में
से
पहां
की
जन
समें
ता,

# दिव्यांग बच्चों की माताओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साह से लिया भाग



**बहरोड़।** मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शुक्रवार को मातृ दिवस के उपलक्ष्य में मातृशक्ति, सर्वोच्च शक्ति नाम से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। ट्रस्ट की डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि कार्यक्रम में स्कूल में आने वाले दिव्यांग बच्चों की माताओं के साथ चेयर रेस, स्पर्श से अपने बच्चे को पहचानना आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गई। तत्पश्चात सभी माताओं को बच्चों द्वारा ग्रीटिंग कार्ड्स दिए गए एवं संस्था द्वारा सर्टिफिकेट व ट्रॉफी देकर उनका आभार व्यक्त किया गया।

इस दौरान ट्रस्ट के डॉ. पीयूष गोस्वामी, वसंती यादव, सुषमा गोस्वामी, रेणुका यादव, कमल नयन शर्मा, दीपक सैनी, ललिता प्रजापत, रामसिंह मोरोड़िया, विशेष शिक्षक सरिता यादव, कृष्ण कुमार, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

# ाव रख पढ़ने के लिए प्रेरित करें : मित्तल




अपने अभिभाषण में सभी बच्चों को 'उज्जवल भारत का भविष्य' बताते हुए रेलवे स्टेशन स्कूल के बच्चों को साल दर साल रिजल्ट में बढ़ोतरी की बधाई देते हुए कहा कि इस स्कूल के चहुमुखी विकास में मै कभी पीछे नहीं हटूंगा। इस मौके पर प्रिंसिपल तुलाराम गुप्ता ने

# दिव्यांग बच्चों ने नव संवत्सर की दी शुभकामनाएं

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, बहरोड़**

कस्बे के मंथन स्पेशल स्कूल में शुक्रवार को दिव्यांग बच्चों ने नव संवत्सर धूमधाम से बनाया। दिव्यांग बच्चे विराट एवं आयुष ने दीप



प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। ट्रस्ट की वसंती यादव ने बच्चों को नव संवत्सर के पर्व एवं उसके महत्व के बारे में अवगत कराया जिसे बच्चों ने बड़े ध्यान से सुना और समझा। डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि भले ही इन बच्चों की देखने, सुनने, समझने व बोलने की क्षमता सामान्य बच्चों से कम है, लेकिन इनकी सहजता और मासूमियत कुछ पल में आपको अपना बना लेती है। मंथन स्पेशल स्कूल में शिक्षा एवं विभिन्न थेरेपीज के माध्यम से इन बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़े जाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान ट्रस्ट के अमित कुमार [illegible] शिक्षक कृष्ण कुमार, प्रदीप कुमार मौजूद रहे।

# मंथन स्कूल में मनाया नवरात्री महापर्व

बहरोड़। शुक्रवार को मंथन स्पेशल स्कूल में नवरात्री महापर्व बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि उत्सव के दौरान गणेशजी व मां अम्बे की आरती वादन यंत्रों के साथ की गयी। तत्पश्चात संगीतज्ञ दीपक शास्त्री व दिनेश द्वारा मां के भजनों व कीर्तन द्वारा पूरा माहौल भक्तिमय कर दिया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षिका चमेली शर्मा के सौजन्य से बच्चो को प्रसाद रूपी भोजन करवाया गया। साथ ही इस दौरान बच्चों ने हमारी भारतीय संस्कृति की पहचान के रूप में पहचाने जाने वाले गरबा नृत्य की



प्रस्तुति देकर देवी माँ की आराधना की व सभी उपस्थिति आगंतुकों का मन मोह लिया। अपने उद्बोधन में गोस्वामी ने बताया कि चार वर्ष पूर्व इन्हीं नवरात्रों के दिनों में मंथन फाउंडेशन की नींव रखी गयी थी व गरबा महोत्सव के रूप में प्रथम कार्यक्रम आयोजित किया था। सफलतापूर्वक चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सभी सदस्यो को बधाई भी दी गयी। उत्सव में डॉ. पीयूष गोस्वामी, अमित कुमार यादव, डॉ. सविता गोस्वामी, बसंती यादव, चमेली शर्मा, दीपक चौहान, कृष्ण कुमार, सरिता यादव, प्रदीप कुमार, प्रशांत कुमार, दिनेश व सभी बच्चे उपस्थित रहे।

हेमंत डाकवाल, अभिषेक चौहान समेत अन्य उपस्थित रहे।

# मंथन स्कूल में शिक्षक-अभिभावक बैठक

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, बहरोड**

कस्बे के मंथन स्पेशल स्कूल में शनिवार को शिक्षक अभिभावक मीटिंग का आयोजन किया गया। संचालिका डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि दिव्यांग बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विद्यालय परिवार व अभिभावक दोनों की बराबर भूमिका है। अतः यह अनिवार्य है कि समय समय पर आपसी चर्चा होती रहे व बच्चो की प्रत्येक स्तर पर सुधार की निश्चित जानकारी मिलती रहे। इसी उद्देश्य से इस बैठक का आयोजन किया गया।

पाठ
का
किय
सरव
कर
अति
विद्
अनि
प्रदी
रहे।

# मंथन फाउंडेशन में पीटीएम का आयोजन

न्यूज सर्विस/नवज्योति, बहरोड

कस्बे के मंथन फाउंडेशन की ओर से शनिवार को संचालित दिव्यांगों के निःशुल्क विद्यालय में अध्यापक-अभिभावक मीटिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निदेशक ड़ॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि गत 23 व 24 सितम्बर को बच्चों का अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन किया गया था। जिसमें सभी बच्चों के शारीरिक, शैक्षणिक, सामाजिक एवं बौद्धिक स्तर की जांच की गई थी। जिसमें सभी बच्चों ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दिया। बच्चों की प्रगति की जानकारी देने एवं अभिभावकों को प्रेरित करने के लिए इस पीटीएम का आयोजन किया गया।

पवन का प्रधानाध्यापक पद पर

साइकिल पर तिलक कर आशीर्वाद दिया। अध्यक्षता कमलेश कांत माथुर ने की। साथ ही माथुर ने बच्ची को नकदी भेंट कर आशीर्वाद दिया। इस दौरान अध्यक्ष रवि कुमार, उपाध्यक्ष मांगेराम, छात्रावास अधीक्षक अनिल कुमार, विशेष शिक्षक राकेश कुमार, संगीता बागड़ी, रेखा शर्मा, जगमाल सिंह, महेश, गणेश सैनी, रवीना देवी, माडाराम, विजयपाल, राजेश यादव, रामकिशन आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर जश्न मनाया

**अलवर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह के अलवर जिले के विकास के लिए पायलेट प्रोजेक्ट्स में शामिल मिनी सचिवालय योजना को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा 10 करोड़ रुपये की अतिरिक्त ब्याज मुक्त राशि

को समानता की ओर ले जाने की पहल में है जो हमारे लिए प्रेरक है। क्लब वरिष्ठ सदस्य

# गणपति विसर्जन पर झांकी के माध्यम से समाज को दिया जागरूकता संदेश

**बहरोड़।** श्री गणेश महोत्सव सेवा समिति की ओर से महाआरती कर विधि विधान से गणपति विसर्जन किया गया।

इस दौरान कई मनमोहक व जागरुकता संदेश देते हुए झांकियां निकाली गई। जिनमें मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा झांकी के माध्यम से रक्तदान जागरुकता के लिए रक्तदाता का परिदृश्य दिखाया गया एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया।




इसके साथ ही यूनिक स्कूल द्वारा भारत माता एवं गणेश महोत्सव सेवा समिति द्वारा जल संरक्षण का संदेश देते हुए झाँकियों का प्रदर्शन हुआ। साथ ही राधा कृष्ण के मनमोहक नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में प्रवेश यादव, कपिल खंडेलवाल, मनोज यादव, भीमराज यादव, इंदरसिंह, सुरेश शर्मा, डॉ. सविता गोस्वामी, निकेश मोदी, आनंद शर्मा एवं अभिषेक यादव, डॉ. पीयूष गोस्वामी, दीपक सैनी, रामसिंह, प्रशांत आदि ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## खंडेलवाल समाज के राष्ट्रीय महाअधिवेशन में बाबू झालानी आजीवन संरक्षक मनोनीत

परिजन, अस्पताल स्टाफ

## आईटीजी मीट

**अलवर।** दीप ट्रेनिंग इं
आईटीजीके मीट 2019 क
कार्यक्रम संयोजक महेन्द्र
राजस्थान नॉलेज कॉर्पोरेश
चलाये जा रहे आईटी ज्ञा
आईटीजीके (वार्षिक मीट
सनराइज विश्व विद्यालय
के अग्रवाल एवं आरकेसी
नरेन्द्र धायल ने दीप प्रज्वल
अवसर पर बोलते हुए मु
अग्रवाल ने ज्ञान केन्द्र संचा
हुए कहा कि विषय परि
संचालन को सुचारू एवं
ही आपकी सबसे बड़ी उप
आये राजस्थान नॉलेज
रीजनल मैनेजर, नरेन्द्र धाय
केन्द्र संचालकों की सभी
से समझते हुए सभी के स
वर्तमान और भविष्य की
सबके सामने साझा किया।

खोले जाने की घोषणा की गई।

# रक्तदाताओं को रक्तवीर सम्मान से सम्मानित किया

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, बहरोड़**

कस्बे के मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट ने नए अभियान के अंतर्गत रक्तदाताओं को मंथन रक्तवीर सम्मान से सम्मानित किया। डॉ. पीयूष गोस्वामी ने बताया कि भगवान का दिया कभी अल्प नहीं होता और रक्तदान का कोई विकल्प नहीं होता। कार्यक्रम में कुलदीप शर्मा व देवेन मावर को प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित युवा शोशल मीडिया पर मात्र एक सन्देश डालने से किसी अनजान की जान बचाने में रक्तदान दिया है। ऐसे वीर ही सोशल मीडिया की सार्थकता को सिद्ध करते हैं। इस दौरान रक्तवीरों ने ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया व इससे संबंधित समाज में व्याप्त भ्रांतियों जैसे कमजोरी आना इत्यादि का निवारण किया। इसमें ट्रस्ट के डॉ. सविता गोस्वामी समेत अन्य उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर

# मकर संक्राति पर साफ थाली अभियान का किया आगाज




बहरोड़ (दिनेश यादव)।

कस्बे के मंथन स्पेशल स्कूल में बुधवार को मकर संक्रांति महापर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सूर्यनारायण भगवान को अर्घ्य देकर व शंखनाद के साथ किया गया। साथ ही डॉ. पीयूष गोस्वामी द्वारा बच्चों को सूर्यनमस्कार सहित अन्य योगाभ्यास करवाये गए। तत्पश्चात बच्चों को हमारी भारतीय संस्कृति के अनुसार संक्रांति का प्रतीक माने जाने वाली पतंग बनाना सिखाया गया व तिल गुड़ से सभी का मुंह मीठा करवाया गया। शास्त्रों में मकर संक्रांति पर दान पुण्य का विशेष महत्व माना गया है, इसी बात को ध्यान में रखते हुए दिव्यांग बच्चों द्वारा साफ थाली अभियान के अंतर्गत शपथ लेकर संकल्प पत्र भरवाए गए एवं समाज को सन्देश दिया कि उतना ही लो थाली में जो व्यर्थ ना जाए नाली में। यदि हम खाने को व्यर्थ जाने से बचाएं एवं उस खाने को सही जगह पहुँचाएं, साथ ही अन्य लोगों को भी जागरुक करें तो यह भी दान से कम नहीं। इस दौरान वसंती यादव, कृष्ण कुमार, सरिता यादव, प्रदीप कुमार, ललिता प्रजापत, राम, विनय कुमार व बुधराम सहित आमजन उपस्थित रहे।

# सम्भलता बचपन अभियान के तहत शिक्षण सामग्री वितरित



न्यूज सर्विस/नवज्योति, बहरोड

कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नं.3 राजकीय विद्यालय नं.1 इंदिरा कॉलोनी स्थित राजकीय विद्यालयों में बुधवार को मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा करीब ग्यारह बच्चों को बैग, जूते, नोटबुक, किताब, पैन जैसी जरूरतमंद शिक्षण सामग्री वितरित की गई। ट्रस्ट की वसंती यादव ने बताया कि मंथन फाउंडेशन द्वारा सम्भलता बचपन अभियान के अंतर्गत गत वर्ष विभिन्न विद्यालयों के 11 बच्चों को गोद लिया गया था। आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षा से संबंधित सभी खर्चा मंथन फाउंडेशन की तरफ से उठाया जा रहा है। संस्था के डॉ.पीयूष गोस्वामी ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में संदेश देना हैं। ताकि आर्थिक कमजोरी की वजह से किसी भी बच्चे की शिक्षा में व्यवधान पैदा नहीं हो सके। इस दौरान स्कूलों के प्रधानाचार्य ने मंथन फाउंडेशन के कार्य की सराहना की। कार्यक्रम में अमित कुमार यादव, डॉ सविता गोस्वामी, दीपक सैनी, मनीष सैनीए, कृष्ण कुमार, स्कूलों से रामनिवास यादव, अशोक मिश्र, सुरेंद्र कुमार यादव, रणवीर यादव उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बच्चों को रुपए की पहचान करना सिखाया

न्यूज सर्विस/नवज्योति, बहरोड

कस्बे के मंथन स्पेशल स्कूल में सोमवार को ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद पुनः कक्षाएं प्रारम्भ की गई। डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि बच्चे पुनः स्कूल खुलने पर काफी



उत्साहित दिखाई दिए। प्रथम कक्षा के दौरान विशेष शिक्षक प्रदीप यादव द्वारा बच्चों को दस से लेकर दो हजार रुपए तक की पहचान करना सिखाया गया। मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित निःशुल्क विद्यालय का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए समान खरीदते समय रुपयों का लेनदेन सम्बन्धित संदर्भ में भी जानकारी दी गई।

# मंथन स्पेशल स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया



**बहरोड ( अलवर )**। कस्बे में स्थित मंथन स्पेशल स्कूल में गुरुवार को शिक्षक दिवस मनाया गया ।इस मौके पर डॉ सविता गोस्वामी ने कहा कि शिक्षक बनना पेशा मात्र नहीं है। बल्कि एक जुनून है ।और मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए खोले गए मंथन स्पेशल स्कूल की बात कहें तो दिव्यांग बच्चों के लिए यह कार्य और भी चुनौतीपूर्ण हो जाता है ।इन्ही सार्थक प्रयासों के लिए समस्त स्टाफ को मंथन द्वारा सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों अमन,मीनाक्षी, सुमित,सानिया और मल्लिका शिक्षकों की भूमिका में नजर आए। विशेष शिक्षिका सरिता यादव ने शिक्षकों और बच्चों के बीच चेयर रेस, बलून फोड़ना,निशाना लगाना आदि कई प्रतियोगिताएं करवाई ।सभी शिक्षकों और बच्चों ने खेलों का जमकर लुफ्त उठाया और अपने आपको पुन: ऊर्जित महसूस किया ।इसमें वसंती यादव,सुषमा गोस्वामी,अमित यादव, डॉ पीयूष गोस्वामी,ललिता प्रजापत,विशेष शिक्षक कृष्ण कुमार,सरिता यादव,प्रदीप उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर

13-Jun-2019
बहरोड़-नीमराना भास्कर Page 3






बहरोड़. सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता कैंडल मार्च निकालते हुए।

# यूपी में हुई ट्विंकल की हत्या को लेकर जताया विरोध, कैंडल मार्च निकाला

**बहरोड़|** यूपी में हुई ट्विंकल की हत्या मामले में बुधवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने घटना को लेकर आक्रोश जताया और अपराधियों को कड़ी दिलाने की मांग की। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने पुराने बस स्टैंड से स्टेडियम तक कैंडल मार्च निकाला। जिसमें सैकड़ों महिला व पुरुषों ने भाग लिया। स्टेडियम पहुंच कर सभी लोगों ने ट्विंकल की आत्मा की शांति एवं शीघ्र न्याय के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस दौरान मंथन फॉउंडेशन, लायंस क्लब, लायंस क्लब रॉयल, लियों क्लब, भारत विकास परिषद, अग्रवाल समाज, परशुराम सेवा समिति सहित संस्थाओं के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

जिसमें डॉ. सविता गोस्वामी, कमल नयन शर्मा, शर्मिला शर्मा, हरिओम सोनी, संजय सांडिल्य, विजय यादव, हरिसिंह गुर्जर, केपी यादव, मुकेश यादव, दिनेश यादव, विद्यारत्न शास्त्री, योगेश त्रिपाठी, दीपक सैनी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मासूम की हत्या के विरोध में कैंडल मार्च प्रदर्शन

न्यूज सर्विस/नवज्योति, बहरोड

अलीगढ़ जैसी घटना घिनौनी और मानवता को शर्मसार करने वाली है। हमारे देश का भविष्य हमारे बच्चे ही सुरक्षित नहीं हैं। यह गुस्सा सड़कों पर उतरने लगा है। ऐसी ही घटनाओं के विरोध में बुधवार को कस्बे के सभी सामाजिक संगठनों एवं आमजन ने एक कैंडल मार्च का आयोजन किया। कैंडल मार्च पुराना बस स्टैंड स्थित हनुमान चौक से शुरू होकर स्टेडियम तक चला। जिसमें सैकड़ों महिला और पुरुषों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। स्टेडियम पहुंच कर सभी लोगों ने अलीगढ़ हत्याकांड में मृतक बालिका की आत्मा की शांति एवं शीघ्र न्याय के लिए दो मिनट का मौन रखा।





बहरोड़. मंथन स्कूल में नाटक की प्रस्तुति देते दिव्यांग बच्चे।

# दिव्यांग बच्चों के मददगारों को दिया गया सारथी सम्मान

**बहरोड़** | मंथन स्पेशल स्कूल में रविवार को वार्षिकोत्सव एवं दिव्यांग सारथी सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमें स्कूल के दिव्यांग बच्चों द्वारा नाटक के माध्यम से बेटी बचाओं, दिव्यांग सशक्तिकरण, रक्तदान करने के प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग डिप्टी डायरेक्टर रविकांत मेधवाल ने कहा कि इन बच्चों में बहुत सी विशिष्ट प्रतिभाएं होती हैं। जिन्हें मंथन फाउंडेशन बखूबी तैयार कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास सराहनीय कदम हैं। जिसमें आमजन का सहयोग करने पर बल दिया। कार्यक्रम में फाउंडेशन द्वारा दिव्यांग बच्चों की सहायतार्थ लोगों को दिव्यांग सारथी अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। समारोह में विशिष्ठ अतिथि समाज कल्याण विभाग के कमलजीत यादव, डॉ. संगीता यादव, समाजसेवी कैलाश तिवाड़ी, डांसर मोनिका भारती, अनामिका सिंह, डॉ. अरविंद गोस्वामी, डॉ. निधि यादव, अमित कुमार यादव, दीपक सैनी, घनश्याम यादव, नीरजा जैन, सुरभि यादव, कोमल जैन, भावना अग्रवाल, वरुण यादव, सुषमा गोस्वामी, सांत्वना एवं सामाजिक संस्था पदाधिकारी कमल नयन शर्मा, जगमाल यादव, प्रमोद अग्रवाल, के पी यादव, कपिल खंडेलवाल, शिवा पेंटर, हुकुम यादव, लोकेश यादव उपस्थित रहे। संयोजक डॉ. सविता गोस्वामी व डॉ. पीयूष गोस्वामी ने आभार जताया।

# भंडारे में श्रद्धालुओं ने पाई प्रसादी

**मालाखेड़ा** | कस्बे के निकटवर्ती गांव पृथ्वीपुरा के पास स्थित अणंदपुर की डूंगरी पर 20 अक्टूबर को बाबा पवन नाथ की 10वीं किया गया। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें पृथ्वीपुरा सहित आसपास के दर्जनों गांव के साधु-संतों व

# दिव्यांग बच्चों ने मांगा माँ सरस्वती से वाणी का वरदान




**बहरोड़,( दिनेश यादव )।** मंथन स्पेशल स्कूल में बसंत पंचमी व महात्मा गांधी की पुण्य तिथि नई प्रेरणा के साथ मनाई गई।

विद्यालय संचालिका डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि बच्चो द्वारा विद्या व वाणी की देवी माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर, तिलक,पुष्प व प्रसाद अर्पित कर माँ की आराधना की गई। साथ ही इस दौरान जो बच्चे बोलने में असमर्थ है उनके लिए विशेष रूप से वाणी का वरदान मांगा गया। तत्पश्चात डॉ0 पीयूष गोस्वामी द्वारा बच्चो की बुद्धि विकास के लिए एक्यूप्रेशर के पॉइंट दबवाये गए व योगाभ्यास करवाये गए। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि भी मनाई गई व उनके आदर्शों व अहिंसा परमो धर्म के सिद्धांत से अवगत कराया गया।

पूजाअर्चना के दौरान विद्यालय स्टाफ से कृष्णकुमार, सरिता यादव, प्रदीप यादव, ललिता प्रजापत, राम मुखर्जी सहित ज्योति, अमन, आशु, सहित अन्य बच्चे उपस्थित रहे।

व्यक्ति को करंट लग गया था। जिसको तत्काल रूप से कलोस अस्पताल में उपचार कराया गया था। उसके बाद विद्युत विभाग के अधिकारियों को समस्या बाबत कई दफा अवगत कराया जा चुका है। लेकिन विभाग विभाग इस लाइन से दुबारा घटना होने का इंतजार कर रहा है। इस विद्युत की अनहोनी घटना से ग्रामीणों में भय बना हुआ है। इसलिए ग्रामीणों में रोष की भावना बनी हुई है।

# मंथन फाउंडेशन ने किया वृक्ष मित्र कार्यक्रम आयोजित

न्यूज सर्विस/नवज्योति, बहरोड



कस्बे में मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शनिवार को सबलपुरा मौहल्ले में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नं.3 व इंद्रा कॉलोनी में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में पौधारोपण किया गया। संस्था के अमित कुमार यादव ने बताया कि इन विद्यालयों में वृक्ष मित्र योजना के अंतर्गत प्रत्येक नए प्रवेश पर पौधा लगाने व उसके पालन पोषण का संकल्प लिया गया है। इस मुहिम में सहयोग करते हुए मंथन फाउंडेशन द्वारा विद्यालय प्रांगण में लगाने के लिए करीब 60 पौधे भेंट किये गए। दीपक सैनी ने बताया कि पिछले वर्ष भी ट्रस्ट द्वारा इन स्कूलो में पौधारोपण का कार्य किया था और समस्त स्टाफ एवं बच्चों की मेहनत से वर्तमान में यह पौधे वृक्ष के रूप में विकसित हो रहे हैं।

# कोर्ट ने जगन गुर्जर को भेजा रिमांड पर

न्यूज सर्विस/नवज्योति, बाड़ी